Hindi – India

हांग कांग में युवा सेवाओं, नशे के इलाज और पुनवर्सन सेवाओं तथा सामुदायिक विकास सेवाओं पर एक नज़र

सेवा की दिशा

- युवा लोगों की बदलती और विविध जरूरतों को समझने के लिए हम सेवा का **शुद्धतावादी और एकीकृत** तरीका अपनाते हैं।
- समाज कल्याण विभाग युवा लोगों को परिपक्व, जिम्मेदार और समाज को उपयोगी नागरिक बनाने में मदद के लिए गैर सरकारी संगठनों के जरिये विभिन्न **उपचारक, विकासशील और निवारक** सेवाएं चलाता हैं और इन पर नजर रखता है।

अ हांग कांग में प्रमुख युवा सेवाएं

समय पूर्व शिनाख्त और हस्तक्षेप

एकीकृत बाल एवं युवा सेवा केंद्र

- एकीकृत बाल एवं युवा सेवा केंद्र छह से 24 वर्ष के बच्चों एवं युवाओं की सेवा करने के लिए बस्तियों में स्थापित किये जाते हैं। सेवाएं शुद्धतावादी तरीके से मुहैया करायी जाती हैं। मूल कार्यक्रमों में मार्गदर्शन और सलाह देना, गलत परिस्थितियों में फंसे युवा लोगों के लिए सहयोगात्मक सेवाएं, सामाजीकरण कार्यक्रम और सामाजिक जिम्मेदारी तथा सक्षमता विकास शामिल हैं। अन्य कार्यक्रमों में युवाओं और बच्चों से जाकर मिलना, उनके समरुचि समूह बनाना, ग्रीष्म युवा कार्यक्रम और अध्ययन कक्ष सेवाएं मुहैया कराना है ताकि वह अपना खाली समय रचनात्मक ढंग से गुजारें। केंद्रों की सूची के लिए समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

स्कूल सामाजिक कार्य सेवा

- स्कूल सामाजिक कार्य सेवा **"प्रत्येक माध्यमिक स्कूल के लिए एक स्कूल सामाजिक कार्यकर्ता"** नीति के अनुरुप चलाई जाती है। हर माध्यमिक दिवस स्कूल को एक पूर्णकालिक निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मुहैया कराया जाता है जो जरूरतमंद छात्रों की शिनाख्त करता है और उन्हें शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक समस्याओं को सुलझाने में मदद करता है। पूछताछ के लिए कृपया संबंधित स्कूल से संपर्क करें।

स्कूल पश्चात देखभाल कार्यक्रम

- स्कूल पश्चात देखभाल कार्यक्रम (एएससीपी) का लक्ष्य **6 से 12 वर्ष उम्र के ऐसे बच्चों को सहयोगात्मक सेवाएं** प्रदान करना है जिनके माता-पिता काम या दूसरे कारणों से **स्कूल पश्चात अवधि** के दौरान उनकी उचित देखभाल करने में सक्षम नहीं हैं। सेवाओं में होमवर्क मार्गदर्शन, भोजन सेवा, माता-पिता मार्गदर्शन और शिक्षा, कौशल सीखना और अन्य सामाजिक गतिविधियां शामिल हैं। केंद्रों की सूची के लिए समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

- एएससीपी केंद्रों को **स्व-वित्तीयन और नि:शुल्क** आधार पर संचालित किया जाता है। "शुल्क माफी सहायता योजना" के अंतर्गत, पूर्ण शुल्क माफी या आधे शुल्क की कमी की सहायता जरूरतमंद निम्न आय वाले परिवारों को प्रदान की जाती हैं जो मुक्त रोजगार में हों या नौकरी से संबंधित प्रशिक्षण ले रहे हों जिससे एएससीपी का सही इस्तेमाल हो और उनका आत्म विश्वास बना रहे। जरूरतमंद और पात्रताप्राप्त परिवार आवेदन देने के लिए संबंधित केंद्रों से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

- सप्ताहांत में, लम्बे/अनियमित समय तक काम करने वाले माता-पिता या कार्य बल से जुड़ने के इच्छुक माता-पिता की सहायता को सशक्त बनाने के लिए एएससीपी कुछ एएससीपी केंद्रों पर अतिरिक्त शुल्क माफी और शुल्क में कमी स्थानों में सेवा अवधि को सप्ताह के दिनों की शामों, शनिवारों, रविवारों और स्कूल की छुट्टियों तक विस्तारित कर रहा है जो दिसम्बर 2014 से शुरू हो जाएगा।

<u>समय पर मदद</u>

जिला युवा सामुदायिक सामाजिक कार्य सेवा

- जिला युवा सामुदायिक सामाजिक कार्य सेवा टीमें क्षेत्रीय आधार पर मुहैया करायी जाती हैं जो आम तौर पर पारंपरिक सामाजिक अथवा युवा गतिविधियों में हिस्सा नहीं लेने और अवांछित चीजों से प्रभावित हो सकने वाले छह से 24 वर्ष की उम्र के बच्चों / युवाओं **तक पहुंचती हैं और उन्हें सलाह मशविरा तथा मर्गदर्शन** देती हैं। यह सेवा जोखिमकारी युवाओं की जरूरतों को समझने तथा बाल गिरोह समस्याओं से निपटने में प्रभावी है। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

युवा निशाचरों के लिए रात्रिकालीन सामुदायिक सेवा

- **जोखिमकारी युवा निशाचरों** (रात में भटकने वालों) को संभावित अनैतिकता के खतरे से बचाने के लिए युवा निशाचरों के लिए रात्रिकालीन सामुदायिक सेवा मुहैया कराई जाती है।

टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

खतरे में युवाओं के लिए हॉटलाईन सेवा

- हांग कांग फेडरेशन ऑग युथ ग्रुप्स की ओर से संचालित हॉटलाईन सेवा (**27778899**) संकट में फंसे युवाओं को **टेलिफोन संपर्क** के जरिये त्वरित सलाह मशविरा देने के लिए है। फोन करने वालों को मुहैया करायी जाने वाली सेवाओं में टेलीफोन पर मार्गदर्शन और सलाह मशविरा देना, त्वरित हस्तक्षेप के लिए आमने सामने सलाह देना और अन्य सेवा इकाइयों से संपर्क साधना शामिल है।

बाल और युवा विकास के लिए जिला सहायता योजना

- इस योजना का लक्ष्य 24 वर्ष या इससे कम उम्र के ऐसे बच्चों तथा युवाओं हैं जो वित्तीय रूप से वंचित हों या जिले में सुविधाहीन परिस्थितियों में हों। संसाधनों का वितरण **सीधी नकदी सहायता** के रूप में किया जाता है ताकि बच्चों और युवाओं की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनके निजी मदों पर खर्चों में सहायता मिल सके। केसवर्क सेवाएं पाने वाले जरूरतमंद ग्राहकों विवरण के लिए संबंधित सामाजिक कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं।

युवा लोगों को सही मार्ग पर ले आना

सामुदायिक सहायता सेवा योजना

- सामुदायिक सहायता सेवा योजना (सीएसएसएस) का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को **पुलिस अधीक्षक विवेक योजना के तहत** मुख्यधारा की शिक्षा या कार्य में वापस लाने और उनके फिर से अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की सम्भावना कम करने में मदद करना है। सेवाओं में वैयक्तिक और पारिवारिक सलाह मशविरा, रोगहर समूह, कौशल प्रशिक्षण अथवा शैक्षणिक समूह, रोमांचक गतिविधियां और रचनात्मक तथा सामुदायिक सेवाएं शामिल हैं। बेहतर सामंजस्य के लिए सीएसएसएस टीमें एकीकृत बाल एवं युवा सेवा केंद्रों से जुड़ी हुई हैं। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

<u>बी. औषध चिकित्सा तथा पुनर्वास सेवाएं</u>

मादक पदार्थ के नशेड़ियों के लिए परामर्श केंद्र

- मादक पदार्थ के नशेड़ियों के लिए परामर्श केंन्द्र का लक्ष्य **मादक पदार्थ के आदी/ अनियमित/ संभाव्य नशेड़ियों और इससे खतरे में आने वाले युवा लोगों** को परामर्श और सहायता प्रदान करना है ताकि मादक पदार्थ के नशे से बचने और स्वस्थ्य जीवन शैली विकसित करने में सहायता मिल सके। प्रदान की जाने वाली सेवाओं में शामिल है (i) मादक पदार्थ के नशेड़ियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए स्थिति और समूह परामर्श; (ii) माध्यमिक स्कूलों, माध्यमिकोत्तर संस्थानों और व्यावसायिक प्रशिकषण संगठनों के छात्रों और सामुदायिक स्तर पर आम जनता के लिए नियमित निवारक शिक्षा कार्यक्रम; (iii) संबद्ध पेशेवरों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण; और (iv) जल्दी पहचान और जल्दी उपचार तथा पुनर्वास सेवाएं पाने के लिए प्रेरित करने के लिए जरूरतमंद लोगों को ऑन-साइट चिकित्सा सहायता सेवा। केंद्रों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

आवासीय औषध चिकित्सा एवं पुनर्वास केंद्र और हाफ वे हाउसेज

- आवासीय औषध चिकित्सा एवं पुनर्वास केंद्र और हाफ वे हाउसेज उन मादक वस्तुओं का सेवन के लिए कार्य करता है जिन्हें **स्वैच्छिक आवासीय औषध चिकित्सा, पुनर्वास और सामाजिक अनुकूलन की आवश्यकता है**। यह अपनी सातत्य सेवाओं और परिचर्या पश्चात व्यवस्था से व्यसन करने वालों को व्यसन की आदत छोड़ने, व्यवहार में विधायक परिवर्तन लाने, जीवन में नई दिशा अपनाने तथा समुदाय में सम्मिलित होने में सहायता करता है। आर्थिक सहायता प्राप्त केंद्रों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

मादक पदार्थ सेवनकर्ता के लिए परामर्श केंद्र

- मादक पदार्थ सेवनकर्ता के लिए परामर्श केंद्र का उद्देश्य **व्यसन** करने वालों को इससे रोकने, **पूर्व में व्यसन** करने वालों तथा उनके **परिवारवालों को व्यसन** से उत्पन्न समस्याओं से निपटने के लिए परामर्श और सहायता करना है। प्रदत्त सेवओं के अंतर्गत (i) व्यक्तिगत और समूह परामर्श; (ii) समूह गतिविधियां; (iii) विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए नियमित रोकथाम संबंधी शैक्षिक कार्यक्रम; और (iv) जल्दी पहचानने और मादक पदार्थ के सेवनकर्ता को जल्दी उपचार और पुनर्वास सेवाओं में प्रेरित करने के लिए यथास्थान चिकित्सा समर्थन सेवा। केंद्रों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

<u>स. सामुदायिक विकास सेवा</u>

सामुदायिक केंद्र

- किसी क्षेत्र में सामुदायिक केंद्र **सभी उम्र के समूहों के लिए एक केंद्रीय स्थल** होता है जो सामाजिक संबंधों और परस्पर सहयोग, आत्मनिर्भरता की भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय को एकजुट करने को बढ़ावा देता है और लोगों तथा परिवारों को सामुदायिक समस्याएं सुलझाने तथा सामुदायिक जीवन की गुणवत्ता सुधारने में सक्षम बनाता है। केंद्रों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

पड़ोस स्तरीय सामुदायिक विकास परियोजना (एनएलसीडीपी)

- पड़ोस स्तरीय सामुदायिक विकास परियोजना (**एनएलसीडीपी**) का उद्देश्य **वंचित और अस्थिर समुदायों** जहाँ समाज कल्याण सेवाओं और सुविधाओं का प्रावधान पर्याप्त नहीं है या है ही नहीं की सेवा करना है। एलएलसीडीपी सेवा धीरे धीरे समाप्त की जायेगी और समुदाय के असुरक्षित समूहों को अधिकाधिक समुदाय आधारित सेवाओं का प्रावधान करना होगा और अस्थायी आवास क्षेत्रों, अतिक्रमित क्षेत्रों और सार्वजनिक आवासीय क्षेत्रों के क्लीयरेंस कार्यक्रमों में कमी आयेगी। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

देखभाल एवं सहायता नेटवर्किंग टीम (सीएसएनटी)

- देखभाल एवं सहायता नेटवर्किंग टीमों का उद्देश्य पूर्व अपराधियों, मानसिक रूप से बीमर लोगों और पश्चिमी काओलन में फुटपाथ पर सोने वालों तक पहुंचकर, वैयक्तिक और सामूहिक कार्य सेवाओं के प्रावधान से उन्हें फिर से समुदाय से जोड़ना है। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk देखें।

युवा विभाग
युवा एवं सुधार शाखा
समाज कल्याण विभाग
नवम्बर 2016